लाभार्थी का नामः – रंजीत कुमार



पत्ताः– मानपुर, गया

आवेदन सं0 :– CMYUVA20219631170172

ईकाईः– मसाला उद्योग

श्रेणीः– मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना

ऋण प्राप्त राशिः– 10,00,000/

गया शहर के मानपुर स्थित सूर्य पोखर मोहल्ला निवासी रंजीत कुमार पहले दुध बेचकर जीवनयापन करते थे। फिर उन्हें मुख्यमंत्री उद्यमी योजना की जानकारी जिला उद्योग केन्द्र, गया से मिला। आवेदन करने के पश्चात उनका चयन हुआ। उसके बाद उनके जीवन मे बदलाव आ गया। रंजीत मसाला उद्योग से जुड गए। अब रंजीत मसाला स्थानीय स्तर पर एक ब्रांड बन गया है। बेरोजगारों को रोजगार भी दे रहे है। रंजीत ने कुछ कर गुजरने वालों के लिए एक उदाहरण पेश किया है। उनका कहना है कि सरकारी नौकरी के पीछे भागने के बजाय स्वरोजगार से धन कमाया जा सकता है।

श्री रंजीत कुमार को मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत 2021–22 में दस लाख रूपये ऋण दिया गया। वे अपने मोहल्ले में ही काम शुरू किया, अब वे स्वयं चार लोगो को रोजगार दे रहे है।

मसाला उद्योग में कई तरह के मसाला धनिया, जीरा, काली मिर्च, हल्दी, गरम मसाला, चाट मसाला मटन मसाला, चिकेन मसाला का पैकेजिंग कर बाजार में बेचा जा रहा है। पैकेजिंग पॉच ग्राम से लेकर एक किलोग्राम तक किया जा रहा है। उद्योग से प्रत्येक माह 45 से 50 हजार रूपये का लाभ हो रहा है।